(1100/RV/SMN)

1100 बजे

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मेरी एक छोटी-सी बात है, पर माइक ऑन नहीं है।

सर, शुरू के दिन से ही हम विपक्ष की तरफ से यह मांग करते आ रहे हैं कि सदन के अन्दर पेगासस जासूसी कांड की चर्चा हो।… (व्यवधान)

HON. SPEAKER: No.

… (*Interruptions*)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, उसी के साथ-साथ किसान का मुद्दा है, कोविड-19 का मुद्दा है, महंगाई का मुद्दा है।… (व्यवधान) इसमें कोई असुविधा नहीं है।… (व्यवधान) हम सदन में चर्चा चाहते हैं, लेकिन सरकार को इस तरह के अपने रुख को बदलना चाहिए।… (व्यवधान) सदन में हम चर्चा चाहते हैं।… (व्यवधान)

HON. SPEAKER: You can raise it after Question Hour.

… (*Interruptions*)

1101 बजे

(इस समय श्रीमती महुआ मोइत्रा, श्रीमती हरसिमरत कौर बादल, डॉ. कलानिधि वीरास्वामी और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

…(व्यवधान)

(प्रश्न 161)

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): माननीय अध्यक्ष महोदय, बिहार में हमारे माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी के द्वारा महिलाओं एवं बच्चियों की संरक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए जमीनी स्तर पर अनेक प्रोग्राम्स चलाए जा रहे हैं।… (व्यवधान) इसका लाभ हमारे गोपालगंज जिले को और पूरे बिहार राज्य को मिल रहा है।… (व्यवधान)

मेरा माननीय मंत्री जी से कहना है कि प्रधान मंत्री महिला शक्ति केन्द्र स्कीम के तहत बिहार राज्य को वित्तीय वर्ष 2018-19 में 25.83 लाख रुपये एवं वर्ष 2019-20 में 48.62 लाख रुपये एवं वर्ष 2020-21 में शून्य सहायता दी गई।… (व्यवधान) वर्ष 2020-21 में जो शून्य सहायता दी गई है, इसका क्या कारण है?… (व्यवधान)

महिला और बाल विकास मंत्री (श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सांसद को अवगत कराना चाहती हूं कि स्टेट का शेयर तभी जाता है, जब भारत सरकार के पास यूटीलाइजेशन सर्टिफिकेट्स आते हैं, किन्तु साथ ही, जैसा कि जवाब में इंगित है, इस स्कीम को इस वित्तीय वर्ष में समाप्त कर आपकी ही उपस्थिति में माननीय प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से हमारे बजट में हमारी वित्त मंत्री जी ने 'मिशन शक्ति' को प्रेषित किया है।… (व्यवधान) इसके अन्तर्गत महिला सशक्तीकरण के कार्यक्रम राष्ट्र भर में प्रदेश की सरकारों के साथ समन्वय में चलाए जाएंगे।… (व्यवधान) महिला शक्ति केन्द्र से उत्पन्न हुई चुनौतियों का समाधान इस 'मिशन शक्ति' के अन्तर्गत हम करना चाहेंगे।… (व्यवधान)

महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय सांसद जी को अवगत कराना चाहती हूं कि बिहार में जिस कार्यक्रम का वे उल्लेख कर रहे हैं, उनमें से उत्तीर्ण कार्यक्रम 'जीविका' का है।… (व्यवधान) यह एक पूरा कार्यक्रम है, जिसके अन्तर्गत सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करते हैं।… (व्यवधान) मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को विशेष अभिनन्दन देती हूं कि बीस लाख रुपये तक के कोलैट्रल-फ्री लोन्स के माध्यम से, देश के 66 लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से राष्ट्र भर में सात करोड़ महिलाओं को समर्थन देने का कार्य मोदी सरकार ने किया है, जिसमें बिहार राज्य भी सम्मिलित है।… (व्यवधान)

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में प्रधान मंत्री महिला शक्ति केन्द्र स्कीम के तहत 'मिशन पोषण 2.0' से कितनी बालिकाएं, महिलाएं एवं गर्भवती महिलाएं व ग्रामीण महिलाओं को जीने की आवश्यकता को पूरा किया गया है?… (व्यवधान) डिस्ट्रिक्ट लेवल हाउस या सेन्टर्स द्वारा नारी अदालत क्या रोल निभा रहा है जबकि पूरे देश में 22.9 प्रतिशत महिलाएं कुपोषण की शिकार हैं?… (व्यवधान)

(1105/MY/SNB)

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी : अध्यक्ष महोदय, माननीय सांसद का प्रश्न महिला सशक्तिकरण, सेल्फ हेल्प ग्रुप और महिला शक्ति केन्द्र के बारे में है।... (व्यवधान) साथ ही उन्होंने नारी अदालत और पोषण-2 के संदर्भ में भी सवाल पूछा है। पोषण-2 हाल ही के बजट में प्रनाउन्स हुआ है, जिसके अंतर्गत बिहार और राष्ट्र भर के हर जिले में आँगनबाड़ी के माध्यम से हर गर्भवती, लैक्टेटिंग महिला और साथ ही बच्चों की न्यूट्रिशियन सपोर्ट की व्यवस्था की गई है।... (व्यवधान) इसमें माननीय सांसद के क्षेत्र की हर बहन उसके लिए लाभार्थी बनी हैं और चिन्हित भी हुई हैं।... (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, आपके दिशा-निर्देश के अनुसार विशेषकर 'दिशा' की मीटिंग में सभी सांसदों से आग्रह किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में पोषण अभियान के अंतर्गत किस प्रकार से कार्य हो रहे हैं, उसकी समीक्षा कर सकते हैं।... (व्यवधान) अगर कोई चुनौती है, उसके समाधान के लिए यदि भारत सरकार की मदद की जरुरत है अथवा किसी और सहयोग की जरुरत है तो वह सहयोग देने के लिए हम सब समर्पित हैं।... (व्यवधान)

महोदय, जहाँ तक सांसद महोदय ने नारी अदालत का विषय पूछा है, वह भी मिशन शक्ति का ही एक अभिन्न अंग बनेगा।... (व्यवधान) मुझे कहते हुए खुशी है कि हमारे लॉ एंड जस्टिस मिनिस्टर किरेन रिजीजू जी ने भी अपना समर्थन इस विषय को दिया है।... (व्यवधान)

श्रीमती नवनीत रवि राणा (अमरावती): महोदय, भारत सरकार की गाइडलाइन जो 13 जून, 2021 को जारी की गई थी, जिसका गज़ट नोटिफिकेशन जुलाई में निकला है।... (व्यवधान) उस गाइडलाइंस का पालन सभी राज्य सरकार नहीं कर रही हैं। कृपया मंत्री जी यह बताए कि कौन-कौन से राज्य इन गाइडलाइंस का पालन कर रहे हैं और कौन-कौन से राज्य सरकार इन गाइडलाइंस का पालन नहीं कर रहे हैं? ... (व्यवधान) अगर इन गाइडलाइंस का पालन राज्य सरकार नहीं कर रही है तो उन राज्य सरकारों के ऊपर, हमारे केन्द्र सरकार की जो 50 फीसदी हिस्सेदारी है, उन राज्य सरकारों के ऊपर हम क्या कार्रवाई करेंगे? ... (व्यवधान)

महोदय, इसके साथ ही कोरोना के पीरियड में जो महिलाएं अकेली रह गई हैं, जिनका पालन करने वाले ऐसे पुरुष अब नहीं रहे हैं, उनके लिए हम क्या कर रहे हैं? ... (व्यवधान) ऐसे बच्चों के लिए जो कोरोना के इस पीरियड में अनाथ हो गए हैं, क्या उनके लिए सरकार की तरफ से कोई योजना आ रही है? ... (व्यवधान)

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी : महोदय, मैं प्रफुल्लित हूँ कि सांसद महोदया ने यह प्रश्न किया।... (व्यवधान) चूंकि यह प्रश्न महिला शक्ति केन्द्र का था, लेकिन उन्होंने पूरे मंत्रालय के बारे में विस्तृत जानकारी माँग डाली है।... (व्यवधान)

महोदय, यह विषय गाइडलाइन का है, लेकिन यह गाइडलाइन जून में नहीं, बल्कि 13 जनवरी, 2021 को प्रेषित की गई थी।... (व्यवधान) हमने इन गाइडलाइंस के अंतर्गत सभी राज्य सरकारों को पोषण, आईसीडीएस और आँगनबाड़ी के संदर्भ में आग्रह किया कि आप जीएफआर रूल्स, विजिलेन्स रूल्स और गाइडलाइंस के अंतर्गत पौष्टिक आहार का वितरण करें, जिसमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो, स्टैण्डर्डस का इस्तेमाल हो, एफएसएसएआई के लैब से हमारे खाने की टेस्टिंग

हो।... (व्यवधान) हमने एक सुदृढ़ व्यवस्था बनाने के लिए राज्यों को केन्द्र सरकार की ओर से एक आदेश जारी किया है।... (व्यवधान) राज्य सरकारों के साथ सतत हम इस चर्चा में रहे हैं कि किस प्रकार से वे अपने डिस्ट्रिक्ट में न्यूट्रिशनल कमेटी बनाएं और उनके अंतर्गत काम करें।... (व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में हर सांसद से आग्रह करना चाहती हूँ कि अगर उनके जिले में 13 जनवरी, 2021 की गाइडलाइन के अंतर्गत काम नहीं हो रहा है तो निश्चित रूप से वे मेरे विभाग को सूचित करें, ताकि हम वह विषय संबंधित राज्य सरकार के साथ उठा सकें।... (व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदय, माननीय मंत्री जी ने काफी विस्तार से अपने मंत्रालय के बारे में जानकारी दी है।... (व्यवधान) मुझे खुशी है कि हमारी सरकार ने इस 'मिशन शक्ति केन्द्र' के माध्यम से 20 लाख रुपये तक के कोलैटरल लोन्स महिलाओं को एम्पावर्ड करने के लिए किया है।... (व्यवधान) करीब 66 लाख जो सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं, उनके लिए भी 7 करोड़ महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। निश्चित रूप से मैं सबसे पहले इस कदम के लिए अपनी केन्द्र सरकार को बधाई देता हूँ।... (व्यवधान) जो एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स हैं, पोषण-2 के बारे में भी हम लोग 'दिशा' कमेटी की बात करेंगे।... (व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश में आठ एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स हैं,... (व्यवधान) उन आठ एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स में अब महिला मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित हुए हैं। उन आठ ब्लॉक्स में सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती हैं। इन केन्द्रों को मिशन-2 के साथ और इनमें कौन-से कदम उठाए गए हैं, इसके बारे में मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूँ।... (व्यवधान)

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी : महोदय, माननीय सांसद जी ने जो प्रश्न किया है, उसमें इन्होंने निश्चित रूप से लिमिटेड एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स की जानकारी माँगी है।... (व्यवधान) महिला शक्ति केन्द्र की स्कीम को डिस्कन्टिन्यू करने के पीछे एक कारण यह भी था कि इसकी एक जियोग्रैफिकल लिमिटेशन थी।

(1110/CP/RU)

हमारा यह संकल्प है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए भारत सरकार देश के हर जिले में अपना कार्यक्रम चलाये।... (व्यवधान) इसके लिए मिशन शक्ति के अंतर्गत हम हर जिले के प्रशासन को जो-जो हैंड्स ऑन डेब्ट चाहिए, चाहे वह टेक्निकल लोन हो, चाहे वह एडमिनिस्ट्रेटिव रिसोर्सेज़ हों, ये सारे रिसोर्सेज़ उपलब्ध कराने की मंशा रखते हैं।... (व्यवधान)

महोदय, यह भी कहना उचित होगा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण मात्र मेरे मंत्रालय तक सीमित नहीं है। आपकी अनुमति से, मैं यह कहना चाहूंगी कि आज उत्तर प्रदेश के संदर्भ में जगदम्बिका पाल जी ने जो प्रश्न किया, आपकी जो कमेटीज़ फंक्शनल होनीं चाहिए, वे हर एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट में फंक्शनल हैं।... (व्यवधान) भारत सरकार ने अब तक जन-धन योजना के माध्यम से राष्ट्र के इतिहास में पहली बार 22 करोड़ 80 लाख महिलाओं का बैंक खाता खोला। आर्थिक सशक्तीकरण की दृष्टि से वह एक बहुत बड़ी ऐतिहासिक पहल रही।... (व्यवधान) स्टैंड अप

इण्डिया में एक करोड़ रुपये तक का लोन मिलता है, उसमें भारत सरकार ने जब विशेष महिलाओं की बात की, तो 81 प्रतिशत लोन्स 'स्टैंड अप इण्डिया' में महिलाओं को गए।...(व्यवधान)

मुद्रा योजना का जो एक ऐतिहासिक निर्णय प्रधान मंत्री जी ने लिया, उसके माध्यम से देश में 17 करोड़ 60 लाख बहनों को मुद्रा योजना का लाभ मिला। जैसा कि मैं पहले भी कह चुकी हूं कि 66 लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप्स को 20 लाख रुपये तक का कोलैटरल फ्री लोन देने का काम मोदी सरकार ने किया।... (व्यवधान)

स्पीकर साहब, आप बार-बार इस बात का उल्लेख करते रहे हैं कि मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी बढ़े।... (व्यवधान) यही मंशा माननीय प्रधान मंत्री जी की रही है। वर्ष 2019-20 में मनरेगा में 104 करोड़ पर्सन डेज़ से ज्यादा का काम मात्र और मात्र देश की महिलाओं ने किया।...(व्यवधान) महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण मोदी सरकार का एक सामूहिक संकल्प है, जिसमें हर विभाग, हर मंत्रालय अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।... (व्यवधान)

(इति)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): सर, मैं यह बोलना चाहता हूं, फिर से अपील करना चाहता हूं।... (व्यवधान) आईटी मिनिस्टर, श्री अश्वनी वैष्णव जी ने दोनों हाउस में डिटेल स्टेटमेंट दिया है।... (व्यवधान) नॉन-इश्यू को इश्यू बनाकर दुर्भाग्यपूर्ण रूप से 7-8 दिन से संसद नहीं चल रही है। There are other important issues. There are many other people-related important issues. जनता से जो सम्बन्धित विषय हैं, बीएसी में जो तय होता है, उस पर भारत सरकार चर्चा करने के लिए तैयार है।... (व्यवधान) बिल भी बहुत इंपोर्टेंट है। सरकार भी यह नहीं चाहती है कि बिना चर्चा वह पारित हो जाए। सरकार का मत बहुत स्पष्ट है।... (व्यवधान) We do not want to pass the Bill without a discussion. As I have already told you, there are many issues which are directly related to the poor people of India. Let them raise the issues and give suggestions. ... (*Interruptions*)

The Government is ready for a discussion but most unfortunately, they are not allowing the Parliament to run. The Question Hour is the right of the Members. More than 350 Members want the Question Hour to run. In spite of that, it is unfortunate if they behave like this. ... (*Interruptions*)

I once again appeal to you. Like we decided in the first meeting of the BAC, under your leadership, guidance and suggestions, the Government is ready for a discussion. The Minister of IT has given a detailed statement. This is totally a non-issue and a non-serious issue also. Kindly allow the House to function.... (*Interruptions*)

(Q. 162)

SHRI ADALA PRABHAKARA REDDY (NELLORE): Sir, are there any ongoing trials or scientific studies regarding the safety of AYUSH-64 in cases of pregnant or lactating women? If so, what are the details thereof?… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य गिरीश जी, यह गलत है। ऐसा नहीं करते हैं।

… (व्यवधान)

SHRI ADALA PRABHAKARA REDDY (NELLORE): Sir, has the Government any plan to introduce and promote AYUSH-64 internationally through platforms such as BRICS Cooperation in Traditional Medicines? If so, what are the details thereof? … (*Interruptions*)

(1115/NK/SM)

SHRI SARBANANDA SONOWAL: Mr. Speaker, Sir, whatever question the hon. Member has raised, in reply, I would like to let him know that all these are being taken up for scientific studies and research by the Department … (*Interruptions*)

Now, this is confirmed that AYUSH-64 is one of the most important medicines which can protect human life and even during the COVID-19 pandemic, whatever experiment has already been conducted, it has been proved that it is beneficial for the human health … (*Interruptions*)

SHRI BELLANA CHANDRA SEKHAR (VIZIANAGARAM): Hon. Speaker, Sir, thank you very much … (*Interruptions*). This is my supplementary question … (*Interruptions*) I would like to know whether it is a fact that the usage of AYUSH-64 formulation has shown an early recovery and shortened the duration of hospital stay, etc. If so, the details thereof … (*Interruptions*)

I would like to know whether it is a fact that there are still bottlenecks in production and distribution of AYUSH-64. … (*Interruptions*)

SHRI SARBANANDA SONOWAL: Respected Speaker, Sir, now it has been proved that the persons who are suffering from Coronavirus with mild and moderate symptoms and who are asymptomatic, whoever has consumed this particular AYUSH-64 medicine, has got relief … (*Interruptions*). So, this is already scientifically proved … (*Interruptions*)

(ends)

(प्रश्न 163)

माननीय अध्यक्ष: श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी

… (व्यवधान)

SHRI P.V. MIDHUN REDDY (RAJAMPET): Sir, through yourself, I would like to ask the hon. Minister … (*Interruptions*) As we all know that degradation of land has an adverse impact on biodiversity and studies have shown that we lose almost 24,000 species globally every year because of this degradation of land … (*Interruptions*)

So, I want to know from the hon. Minister, whether the Government conducted any research or any studies to quantify the number of bio diversified species we are losing every year? … (*Interruptions*)

श्री भूपेन्द्र यादव: माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि भारत सरकार के स्पेस अप्लीकेशन सेंटर द्वारा इस विषय का अध्ययन किया जाता है। … (व्यवधान) एक तरह से यह अनुमान किया गया है कि 96 मिलियन हेक्टेयर जमीन, भूमि क्षरण और रेगिस्तानीकरण के कारण उत्पादक क्षमता प्रभावित हुई है। … (व्यवधान) इस समस्या का सबसे बड़ा कारण भूमि की उत्पादकता में कमी, वॉटर इरोजन, वॉटर लॉगिंग और इसके साथ-साथ भूमि का खारापन भी है।

भारत सरकार ने वर्ष 2015 में पेरिस एग्रीमेंट में इस बात को तय किया था कि देश में 26 मिलियन हेक्टेयर जमीन को वर्ष 2030 तक सुधारेंगे। … (व्यवधान) इसे लेकर भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की एक अंतर-मंत्रालयी सचिवों की एक समिति बनाई गई है और विभिन्न मंत्रालयों द्वारा इसके लिए कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। … (व्यवधान)

माननीय सदस्य महोदय ने स्पेसिफिक पूछा है कि क्या-क्या कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मैं बताना चाहता हूं कि मिनिस्ट्री ऑफ इन्वायरमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज द्वारा नेशनल एफॉरेस्टेशन प्रोग्राम, ग्रीन इंडिया मिशन, कम्पनसेटरी एफॉरेस्टेशन प्रोग्राम, नेशनल एडॉप्शन फंड फॉर क्लाइमेट चेंज, नेशनल मिशन फॉर हिमालयन स्टडीज किए और चलाए जा रहे हैं। इसके साथ एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, ग्रीन रेवोल्यूशन, नेशनल मिशन फॉर सस्टनैबल एग्रीकल्चर, उसके साथ ही जलशक्ति मंत्रालय द्वारा अटल भूजल योजना, नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा प्रोग्राम, पीएमकेएसवाई कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट प्रोग्राम और फ्लड मैनेजमेंट प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। … (व्यवधान)

(1120/SK/KSP)

इसके अतिरिक्त रूरल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री द्वारा पीएमकेएसवाई इंटीग्रेटिड वाटरशेड मैनेजमेंट प्रोग्राम, मिनिस्ट्री ऑफ फिशरीज़ द्वारा द नेशनल लाइवस्टॉक मिशन प्रोग्राम, मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स द्वारा अटल मिशन एंड रिज्युविनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्ट मिशन प्रोग्राम, स्मार्ट सिटी मिशन और मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट द्वारा द ग्रीन हाईवे पॉलिसी, इन सबकी

समन्वित सचिवों की बैठक भी हुई है। पिछली बार भी बैठक हो चुकी है और समन्वित रूप से सरकार ने लक्ष्य तय किया है कि वर्ष 2030 तक 26 लाख मिलियन हेक्टेयर जमीन को डिग्रेडेशन से बचाया जाएगा। इसके लिए समन्वित रूप से कार्य हो रहा है। … (व्यवधान)

SHRI P.V. MIDHUN REDDY (RAJAMPET): Sir, I would like to point out that the Minister is talking about protecting the degraded land. … (*Interruptions*) I am talking about bio-species loss. … (*Interruptions*) I want to know specifically whether there has been any study which has quantified the bio-species loss because of degradation of land. … (*Interruptions*) All the schemes that the Minister is talking about is for protection of inland, whereas I am talking about wetlands. … (*Interruptions*) These wetlands act as carbon sinks. … (*Interruptions*) So, I would like to know what steps the Government is taking to protect wetlands in the country. … (*Interruptions*)

Sir, my previous question also has not been answered. … (*Interruptions*) I asked about the loss of bio-species in the country. Is there any study which has quantified it? … (*Interruptions*)

श्री भूपेन्द्र यादव: माननीय अध्यक्ष जी, यह सच है कि जब किसी भी भूमि का डिग्रेडेशन होता है तो निश्चित रूप से वहां पर जैव विविधता वाली जैव प्रजातियां भी समाप्त होती हैं। जमीन के लिए विभिन्न स्कीम्स के अंतर्गत हम प्रोग्राम कर रहे हैं, व उसकी उर्वर क्षमता और उसकी जैव विविध प्रजातियों के लिए कार्यक्रम कर रहे हैं। … (व्यवधान) इसके अतिरिक्त भी मैं बताना चाहता हूं कि भारत सरकार के जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा जैव विविधता बचाने के लिए इस प्रकार की प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी कार्य किया जा रहा है। बायोडाइवर्सिटी एक्ट में भी सरकार कुछ विषयों पर विचार करके इसे पूरी तत्परता के साथ लागू कर रही है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी …

… (व्यवधान)

(इति)

(प्रश्न 164)

माननीय अध्यक्ष : श्री मलूक नागर …

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

महिला और बाल विकास मंत्री (श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी): माननीय अध्यक्ष जी, विवरण सभा पटल पर रखती हूं। … (व्यवधान)

(इति)

(प्रश्न 165)

डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा (रोहतक) : माननीय अध्यक्ष जी, वाइटल ऑर्गन डोनेशन और वाइटल ऑर्गन ट्रांसप्लांट का बहुत ही महत्पूर्ण मैटर है। … (व्यवधान) यह बहुत महत्वपूर्ण है। मैं विपक्ष को भी कहना चाहूंगा, इसमें लोगों की बात है, आम आदमी की बात है, इसे ज़रा सुनें। … (व्यवधान) पांच लाख के करीब लोगों को हर साल वाइटल ऑर्गन्स नहीं मिलते हैं इसलिए हर साल पांच लाख लोगों की डैथ हो जाती है।

इसके लिए अवेयरनेस प्रोग्राम, लोगों को जागरूक करने का प्रोग्राम है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग वाइटल ऑर्गन्स डोनेट करें। लोगों को अवेयर करना बहुत जरूरी है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या कोई ऐसी मुहिम है, ऐसा प्रोग्राम है जो स्कूल के पाठ्यक्रम से शुरू हो जाए ताकि बच्चों को पता चल सके कि लाइफ की क्या इम्पॉर्टेंस है, वाइटल ऑर्गन्स डोनेशन की क्या इम्पॉर्टेंस है? स्कूल से लेकर कॉलेजों और इंस्टीट्यूशन्स में यह होना चाहिए। इसमें कई तरह के अंधविश्वास हैं, जब ऑर्गन्स के डोनेशन की बात आती है। मैं कहना चाहता हूं कि हर धर्म की धार्मिक संस्था, धार्मिक गुरू और धार्मिक सामाजिक संस्थाएं इससे जुड़कर लोगों को जागरूक करें।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या स्कूल के पाठ्यक्रमों में लोगों और बच्चों की अवेयरनेस के लिए इस प्रोग्राम को जोड़ेंगे?

(1125/MK/KKD)

श्री मनसुख मांडविया : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है, वह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। … (व्यवधान) ऑर्गन डोनेशन का जो विषय है, वर्तमान समय में जिस तरह से मेडिकल साइंस आगे बढ़ रहा है, मेडिकल साइंस का उपयोग लोगों की जिन्दगी बचाने के लिए हो, उस दिशा में दुनिया में बहुत कुछ कार्य हुए हैं। इंडिया में भी उसके ऊपर कार्य चल रहा है। खासकर, हम ऑर्गन के संदर्भ में बात करें, तो हमारे यहां किडनी, लिवर, हार्ट, लंग्स, इंटेस्टाइन और पैंक्रियाज जैसे ऑर्गन्स को रिप्लेस करने के लिए और ये ऑर्गन्स लोगों को आसानी से मिल सके, इसके लिए, भारत सरकार की ओर से नेशनल ऑर्गन्स ट्रांसप्लांट प्रोग्राम चलाया जाता है। … (व्यवधान) इस प्रोग्राम के अंतर्गत नेशनल और स्टेट लेवल पर अथॉरिटीज गठित की गई हैं, ऑर्गेनाइजेशन गठित किया गया है और रीजनल व्यवस्था भी की गई है। इसके माध्यम से व्यापक पब्लिक अवेयरनेस का कार्यक्रम चलाया जाता है। इस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एक वेबसाइट भी क्रिएट की गई है। इस वेबसाइट के माध्यम से जिनको ऑर्गन चाहिए वे उसमें एंट्री करते हैं और जो ऑर्गन डोनेट करना चाहते हैं, वे भी इस वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाते हैं। … (व्यवधान) दुनिया के सापेक्ष में इंडिया में अभी आर्गन ट्रांसप्लांट का रेश्यो बहुत कम है। लेकिन वह बढ़े, उसके लिए भारत सरकार लगातार कोशिश कर रही है। उसके लिए एक टॉल फ्री नम्बर भी बनाया गया है। उसके लिए व्यापक तौर पर कई प्रकार के एनजीओज, स्टेट गवर्नमेंट, सेंट्रल गवर्नमेंट भी प्रयास करते हैं। जनता के बीच में व्यापक पब्लिक अवेयरनेस हो और उस अवेयरनेस का लाभ ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए, जो जरूरतमंद व्यक्ति है, उसको मिले, इस दिशा में कोशिश की जा रही है। … (व्यवधान)

डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा (रोहतक): माननीय अध्यक्ष जी, इसमें एक बहुत महत्वपूर्ण बात है कि जो गरीब आदमी और बिलो पॉवर्टी लाइन है, वह इसको अफोर्ड नहीं कर पाता है। ... (व्यवधान) प्राइवेट इंस्टिट्यूशन्स और प्राइवेट हॉस्पिटल्स में इसकी व्यवस्था के लिए, जैसे कोविड महामारी के सेकेंड फेज में हरियाणा में माननीय मुख्य मंत्री जी और माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने प्राइवेट हॉस्पिटल्स के लिए एक रेट की गाइडलाइन्स तय कर दी थी। वह रेट लिस्ट रिस्पेशन पर लगाई गई थी। ... (व्यवधान) मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या प्राइवेट हॉस्पिटल्स में जो अनाप-शनाप रेट लेते हैं, कोई पांच लाख रुपये, कोई दस लाख रुपये, कोई पन्द्रह लाख रुपये और कोई बीस लाख रुपये, जो किडनी ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांसप्लांट और वाइटल ऑर्गेन्स के लिए लेते हैं, क्या माननीय मंत्री जी ऐसा कुछ करेंगे, जिससे प्राइवेट हॉस्पिटल्स के रेट्स तय हो जाएं? ... (व्यवधान) क्योंकि, गरीब आदमी इसको अफोर्ड नहीं कर पाता है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करूंगा, जिन्होंने 'आयुष्मान योजना' और 'आरोग्य निधि' के अलावा कई ऐसी योजनाएं चलाईं, जो गरीब आदमी की पहुंच तक हैं। लेकिन, सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल्स में इनके रेट्स तय होने चाहिए। मैं माननीय मंत्री जी से इसके बारे में जानना चाहूंगा, क्योंकि यह बहुत जरूरी है। 'अंगदान, महादान' के लिए क्या कोई ऐसी मुहिम चलाएंगे, जो प्राइवेट हॉस्पिटल्स पर भी लागू हो? ... (व्यवधान)

श्री मनसुख मांडविया : माननीय अध्यक्ष महोदय, यह बात बिल्कुल सही है कि अंगदान ही महादान है। अंगदान करना, अंगदान में सहयोगी होना बहुत अच्छी बात है। ऐसे गरीब लोग, जो ज्यादा खर्च वहन न कर सकते हों, उनको अफोर्डेबल ट्रीटमेंट मिले और उनका ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन हो सके, ऐसी व्यवस्था करना बहुत आवश्यक है। ... (व्यवधान) इसलिए, कहीं भी यदि किडनी, लीवर या हार्ट ट्रांसप्लांटेशन का ऑपरेशन होता है, उसमें प्रधान मंत्री राहत कोष से भी सहायता मिलती है। मैंने आयुष्मान भारत के बारे में बताया है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, 'प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत योजना' इतनी महत्वपूर्ण योजना है कि इसके माध्यम से देश की दस करोड़ फैमिलीज यानी पचास करोड़ लोगों को साल में पांच लाख रुपये तक मुफ्त ट्रीटमेंट और मुफ्त ऑपरेशन के लिए सहायता दी जाती है। यह एक बहुत बड़ी योजना है। हिन्दुस्तान में यह आदत नहीं रही है। अमेरिका में दस करोड़ लोगों के लिए एक योजना बनी थी, जो 'ओबामा केयर योजना' के नाम से जाती थी। वह पूरी दुनिया में पॉपुलर हुई थी। हमारी योजना उससे पांच गुना बड़ी है। इस योजना से गरीब लोगों को बहुत सुविधा और राहत मिल रही है। आज तक कई गरीब आदमी उस योजना का लाभ ले चुके हैं और भविष्य में भी लेते रहेंगे। इस तरह से देश के गरीब लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा मिले और ऑपरेशन की सुविधा मिले, उस दिशा में भारत सरकार कटिबद्धता से काम कर रही है।... (व्यवधान)

(pp 12-30)

(1130/SJN/RP)

श्री एस. एस. अहलुवालिया (बर्धमान-दुर्गापुर) : अध्यक्ष महोदय, जब देवताओं और असुरों के बीच युद्ध हो रहा था, तो उस वक्त सारे शस्त्र समाप्त हो गए थे। …(व्यवधान) देवता लोग दधीचि ऋषि के पास मदद मांगने के लिए गए थे और उन्होंने ब्रह्मास्त्र बनाने के लिए उनसे उनका मेरुदंड दान में मांगा था, जिसे हमारी संस्कृति और सभ्यता में महादान माना गया है। …(व्यवधान) हमारे यहां पर अंगदान के सारे प्रयोजन और प्राधिकार बने हुए हैं। …(व्यवधान) किंतु अभी भी जब कहीं पर कोई एक्सीडेंट हो जाता है, अगर उसके परिवार वाले उसका अंगदान करना चाहते हैं, लंग्स देना चाहते हैं, किडनी या आंख या हार्ट या फिर लीवर डोनेट करना चाहते हैं, तो उसको कम समय में सही जगह पहुंचाने की व्यवस्था के लिए ग्रीन कॉरिडोर और हेलीकॉप्टर सर्विस की जरूरत पड़ती है। …(व्यवधान)

लेकिन अभी तक हमारे देश में उसके लिए ऐसी कोई भी हेलीकॉप्टर सर्विस नियुक्त नहीं हुई है। …(व्यवधान) मैं समझता हूं कि इतने बड़े देश में ऐसी योजना को पूरा रूप देने के लिए, इसके लिए हेलीकॉप्टर सर्विस विथ डॉक्टर एंड पैरामैडिक्स तैयार रहना चाहिए, जिसके माध्यम से उन चीजों को गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जा सके। …(व्यवधान)

श्री मनसुख मांडविया : माननीय अध्यक्ष महोदय, यह विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। जब एक्सीडेंट होता है और उसमें कई लोगों की मृत्यु हो जाती है। …(व्यवधान) भारत सरकार की हाइवे मिनिस्ट्री के द्वारा यह व्यवस्था की गई है कि जितने भी नेशनल हाइवेज़ हैं, अगर वहां कोई भी एक्सीडेंट होता है, तो तुरंत ही दुर्घटनाग्रस्त लोगों को नजदीकी अस्तपताल में ट्रीटमेंट मिल सके, उसके लिए 50,000 फ्री किट ट्रीटमेंट की भी व्यवस्था की गई है। …(व्यवधान) सभी टोल प्लाजों पर एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। जहां कहीं से भी कॉल के माध्यम से कोई इन्फॉर्मेशन आती है, तो तुरंत ही वहां पर मेडिकल वैन (एम्बुलेंस वैन) पहुंच जाती है और दुर्घटनाग्रस्त लोगों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचा दिया जाता है। …(व्यवधान) ऐसी स्थिति में कई लोग अपने ऑर्गन डोनेशन की भी बात करते हैं। उस स्थिति में वहां से उनका ऑर्गन डोनेट किया जा सके, उसके लिए कोशिश हो रही है और व्यवस्था बनाई जा रही है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, देश में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर धीरे-धीरे इम्प्रूव हो रहा है। …(व्यवधान) पिछले 6-7 सालों में जो प्रयास हुए हैं, पिछले साल हेल्थ बजट भी लगभग ढाई गुना बढ़ाया गया है। …(व्यवधान) इस पूरे बजट का उपयोग करके आगे आने वाले दिनों में देश में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर अच्छा और व्यवस्थित बन सके, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। …(व्यवधान)

(इति)

माननीय अध्यक्ष : मनीष तिवारी जी, आपने एक चिट्ठी लिखी थी।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1134 बजे

<u>तत्पश्चात् लोक सभा बारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।</u>

(1200/YSH/NKL)

1200 बजे

लोक सभा बारह बजे पुनः समवेत् हुई।

(श्री राजेन्द्र अग्रवाल पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

1200 बजे

(इस समय श्री गौरव गोगोई, श्री बैन्नी बेहनन, श्री कल्याण बनर्जी और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

…(व्यवधान)

स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के संबंध में विनिर्णय

1200 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (व्यवधान)

सभा पटल पर रखे गए पत्र

1201 बजे

माननीय सभापति : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे – आइटम 2 से 5.

श्री अर्जुन राम मेघवाल जी।

… (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): सभापति महोदय, श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, मुंबई के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, मुंबई का वर्ष 2019-2020 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) प्रसार भारती, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 की धारा 22 के अंतर्गत केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 जो 17 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 416(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): सभापति महोदय, श्री अश्विनी कुमार चौबे जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और संलग्न क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंध के लिए आयोग अध्यादेश, 2021 की धारा 3 के अंतर्गत जारी अधिसूचना सं. का.आ. 1687(अ) जो 23 अप्रैल, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा उसमें उल्लिखित शक्तियों और कृत्यों के अनुप्रयोग के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और संलग्न क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंध के लिए आयोग अध्यादेश, 2021 के नाम से एक निकाय का गठन किया गया है।

(2) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 6 और 25 के अंतर्गत जारी अधिसूचना सं. का.आ. 4259(अ) जो 27 नवंबर, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जो उसमें उल्लिखित संघटन के साथ 'पेरिस समझौते के कार्यान्वयन के लिए शीर्षस्थ समिति' के गठन के बारे में है।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): सभापति महोदय, श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) (एक) केंद्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलुरु के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) केंद्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलुरु के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) केंद्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलुरु के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): सभापति महोदय, डॉ. भारती प्रवीण पवार जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 93 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) दूसरा संशोधन विनियम, 2019 जो 9 जुलाई, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.सं. मानक/एफएंडवीपी/अधिसूचना(07)/एफएसएसएआई-2018 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) दसवां संशोधन विनियम, 2020 जो 29 दिसंबर, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.सं. 1-116/वैज्ञानिक समिति/अधिसूचना/2010-एफएसएसएआई में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) पहला संशोधन विनियम, 2021 जो 4 मार्च, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.सं. 1-116/वैज्ञानिक समिति/अधिसूचना/27/2010-एफएसएसएआई(ई) में प्रकाशित हुए थे।

(चार) खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) दूसरा संशोधन विनियम, 2021 जो 19 मार्च, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.सं. मानक/ओएंडएफ/अधिसूचना(5)/एफएसएसएआई-2017 में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) सातवां संशोधन विनियम, 2020 जो 16 सितंबर, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.सं. मानक/ओएंडएफ/अधिसूचना(5)/एफएसएसएआई-2017 में प्रकाशित हुए थे।

(2) उपर्युक्त (1) की मद सं. (एक) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

…(<u>व्यवधान</u>)

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

1201 hours

SECRETARY GENERAL: Sir, I have to report the following message received from the Secretary General of Rajya Sabha:-

> "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 29th July, 2021 agreed without any amendment to the Factoring Regulation (Amendment) Bill, 2021 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 26th July, 2021"

… (*Interruptions*)

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

23rd Report

1202 hours

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CULTURE (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon. Chairperson Sir, on behalf of my senior colleague, Shri Pralhad Joshi, I rise to present the Twenty-third Report of the Business Advisory Committee.

… (*Interruptions*)

लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति
पहला से तीसरा प्रतिवेदन

